# फर्द अहकाम

**भंवर लाल बनाम सरकार**

पत्र संख्याः 73 / 2024

| दिनांक | आज्ञा विस्तृत रूप से | विशेष विवरण |
|---|---|---|
| 26.04.2024 | प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 राजस्थान भू राजस्व अधिनियम 1956 बाबत् जमाबन्दी में नाम दुरूस्त करवाने का पेश किया। बहस प्रार्थी सुनी गई। दौराने बहस प्रार्थी ने अपनी बहस में कथन किया कि प्रार्थी का नाम राजस्व रिकार्ड मे भूरा पुत्र काना के स्थान पर भंवर लाल यादव पुत्र कानाराम यादव अंकित किये जाने के आदेश किये जावें।<br>बहस प्रार्थी व पत्रावली में संलग्न दस्तावेजात का अवलोकन करने पर प्रार्थी की ओर से पेश प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 राजस्थान भू राजस्व अधिनियम 1956 स्वीकार किया जाकर वाके ग्राम वाटिका, पटवार हल्का वाटिका, भू–अभिलेख निरीक्षक क्षेत्र वाटिका, तहसील सांगानेर जिला जयपुर मे स्थित हाल खाता संख्या 579 पुराना खाता संख्या 753 स्थित खसरा नम्बर 6136, 6137, 6138, 6139, 6140, 6141, 6142, 6145, 6146, 6147, 6148 कुल किता 11 में प्रार्थी का नाम राजस्व रिकार्ड मे भूरा पुत्र काना के स्थान पर भंवर लाल यादव पुत्र कानाराम यादव अंकित किये जाने के आदेश तहसीलदार संगानेर को दिये जाते है। आदेश की पालना में तहसीलदार सांगानेर को तहरीर जारी हो। पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज नम्बर से कम हो बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो।<br>उप खण्ड अधिकारी<br>जयपुर (द्वितीय) | |